प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (इण्टरमीडिएट)

2015

हिन्दी

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 100

निर्देशः (i) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड 'अ' और 'ब' हैं। दोनों खण्डों में पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव क्रम वार दीजिए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं।

**खण्ड 'अ'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिएः

आजकल विचारकों का ध्यान इस सवाल की ओर बार–बार जाता है कि आज से सौ–पचास वर्ष बाद भारत का रूप क्या होने वाला है। क्या वह ऐसा भारत होगा, जिसे विवेकानन्द और गाँधी पहचान सकेगें अथवा बदलकर वह पूरा का पूरा अमेरिका और यूरोप बन जायेगा ? पिछले सौ–डेढ़ सौ वर्षों से भारत आधुनिकता की ओर बढ़ता जा रहा है लेकिन समझा यह जाता है कि भारत अब भी आधुनिक देश नहीं है। वह मध्यकालीनता से आच्छन्न है। स्वतंत्रता के बाद से आधुनिकता का प्रश्न अत्यंत प्रखर हो रहा है, क्योंकि चिंतक यह मानते हैं कि हमने अगर आधुनिकता का वरण शीघ्रता के साथ नहीं किया, तो हमारा भविष्य अंधकार पूर्ण हो जायेगा। अतएव यह प्रश्न विचारणीय है कि आधुनिक बनने पर भारत का कौन–सा रूप बचने वाला है और कौन मिट जाने वाला है। नैतिकता, सौन्दर्य–बोध और आध्यात्म के समान आधुनकता कोई शाश्वत मूल्य नही है। सच पूछिए तो वह मूल्य है ही नही, वह केवल समय–सापेक्ष्य धर्म है।

(क) सौ–पचास वर्ष के बाद भारत का कैसा रूप होने वाला है? वह रूप परिवर्तन किसके कारण होगा। 3

(ख) आधुनिकता की ओर बढ़ते भारत को अभी भी क्या समझा जाता है और क्यों ? 3

(ग) भारत की स्वतंत्रता के बाद भारत के सम्मुख कौन–सा प्रश्न सबसे महत्वपूर्ण है और क्यों ? 3

(घ) गद्यांश के अनुसार आधुनिकता क्या है ? 3

(ङ) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 3

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिएः– 10

(क) भ्रष्टाचार का दानव

(ख) धर्म निरपेक्षता और भारत

(ग) स्वच्छ भारत सुन्दर भारत

(घ) आतंकवाद : एक चुनौती

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिएः

(क) वॉच डॉग पत्रकारिता से क्या आशय है ? 1

(ख) 'लाइव' किसे कहते हैं ? 1

(ग) प्रतिवेदन क्या है ? 1

(घ) हिन्दी का पहला समाचार–पत्र कब, कहाँ से और किसके द्वारा प्रकाशित किया गया ? 1

(ङ) उल्टा पिरामिड शैली क्या होती है ? 1

4. 'गंगा स्वच्छता अभियान' अथवा महानगरों में बढ़ते अपराध पर लगभग 150 शब्दों का एक फीचर लिखिए। 5

5. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिएः– 2+2+2=6

(i) मैं रोया, इसको तुम कहते हो गाना,
मैं फूट पड़ा, तुम कहते हो, छंद बनाना;
क्यों कवि कह कर संसार मुझे अपनाए,
मैं दुनियाँ का हूँ एक नया दीवाना!

(क) जनता गाना किसे कहती है ?

(ख) छंद बनाने और फूट पड़ने का क्या सम्बन्ध है ?

(ग) कवि स्वयं को क्या कहना पसंद करता है और क्यों ?

(ii) जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।
असमम जिवन बंधु बिनु तोही। जौ जड़ दैव जिआवै मोही।।
जैहउँ अवध कवन मुहुँ लाई। तारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।।
बरू अपजस सहतेउँ जग माही। नारि हानि विशेष छतिनाहीं।।

(क) राम, लक्ष्मण के बिना कैसा अनुभव करते हैं ?

(ख) राम ने सगे भाई के महत्व को किस प्रकार सिद्ध किया है ?

(ग) राम को लक्ष्मण के बिना अयोध्या में कैसी ग्लानि सहनी पड़ेगी ?

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिएः– 2+2=4

जाने क्या रिश्ता है, जाने क्या नाता है
जितना भी उड़ेलता हूँ, भर–भर आता है।

(क) उक्त काव्यांश में निहित भाव–सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए ?

(ख) उक्त काव्यांश के शिल्प सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए ?

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः– 2+2=4

(क) बच्चे कब निर्भीक हो जाते हैं ? पतंग कविता के आधार पर बताइए।

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता को आप करूणा की कविता मानते हैं या क्रूरता की ? तर्क सम्मत उत्तर दीजिए।

(ग) 'गजल' कविता के आधार पर 'खुद का परदा खुलने से' क्या आशय है ?

8. निम्नलिखित गद्यांशो में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः— 2+2+2=6

(i) भक्तिन और मेरे बीच में 'सेवक—स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है; क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और कोई ऐसा सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने को आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे। भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंभव है, जितना अपने घर में बारी—बारी से आने—जाने वाले अँधेरे—उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख—दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है।

(क) भक्तिन और महादेवी के बीच कैसे संबंध हैं ?

(ख) महादेवी भक्तिन को अपनी सेविका मानने को तैयार क्यों नहीं होती ?

(ग) भक्तिन महादेवी से सुरक्षा पा रही है या उसे सुरक्षा दे रही है ?

(ii) हम आज देश के लिए करते क्या हैं ? माँगे हर क्षेत्र में बड़ी—बड़ी हैं, पर त्याग का कहीं नाम—निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एक मात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं, पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूट रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं। आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

(क) देश की वर्तमान स्थिति के बारे में लेखक क्या कहना चाहता है ?

(ख) देश के नागरिकों के चरित्र में किस गुण का अभाव है ? उस अभाव का कारण क्या है ?

(ग) क्या आप लेखक के विचारों से सहमत हैं ? आपके विचार से यह स्थिति कब और कैसे बदल सकती है ?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः— 3+3=6

(क) बाजार का जादू उतरने पर क्या—क्या अनुभूतियाँ होती हैं ?

(ख) सफिया के भाई ने नमक की पुड़िया ले जाने से क्यों मना कर दिया ?

(ग) शिरीष के वृक्ष की तुलना अवधूत से क्यों की गई है ? यह वृक्ष लेखक में किस प्रकार की भावना जगाता है ?

10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः— 3+3=6

(क) यशोधर बाबू अपने घर की खुशहाली में भी उदास और निराश क्यों थे ?

(ख) जूझ कहानी क्या संदेश देती है ?

(ग) मोहनजोदड़ो को सिंधु घाटी सभ्यता का महानगर क्यों कहते हैं ?

11. जूझ कहानी के आधार पर दादा की चारित्रिक विशेषताओं को उल्लेख कीजिए। 5

अथवा

'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए—यशोधर किशनदा के मानस पुत्र हैं।

## खण्ड 'ब'

12. निम्नांकित गद्यांशं पठित्वा केवलं त्रीन प्रश्नान् पूर्ववाक्येन उत्तरत। 2+2+2=6

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर केवल तीन प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्णवाक्य में दीजिए)

यद्यपि दैवः प्रकोपो भूकम्पो नाम। यद्यपि तस्योपश मनस्य न कोडपि स्थिरोपायो दृश्यते, प्रकृतिसमक्षमद्यापि विज्ञानगर्वितो मानवः वामनकप एव तथापि भूकम्परहस्यज्ञाः यत् बहुभूमिकभवननिर्माणं न करणीयम्। तटबन्धं निर्माय बृहन्मात्रं नदीजलमपि नैकास्मिन स्थले पुंञीकरणीयम् अन्यथा एवं कृते हि असन्तुलनवशाद् भूकम्पस्सम्भवति।

(क) दैवः प्रकोपः नाम कः ?

(ख) कस्य समक्षम् मानवः वामनकल्प एव ?

(ग) किं निर्माणं न करणीयम् ?

(घ) असन्तुलान वशात् कः सम्भवति ?

13. अधोलिखित श्लोकं पठित्वा द्वौ प्रश्नौ पूर्णवाक्येन उत्तरत। 2+2=4

(निम्नलिखित श्लोक को पढ़ कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्य में दीजिए)

विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा<br>
सदसि वाक्पटुता युधि विक्रमः।<br>
यशसि चाभिरूचिर्व्यसनं श्रुतौ<br>
प्रकृति सिद्धामिदं हि महात्मनाम्।।

(क) विपदि किं भवेत् ?

(ख) वाकपटुता कुत्र भवेत् ?

(ग) महात्माः युद्धे किं प्रदर्शयन्ति ?

14. अधोलिखित प्रश्नेभ्यः पञच प्रश्नान् संस्कृत भाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरतः– 2x5=10

(निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्णवाक्यों में दीजिए)

(क) केषाम् अचैतन्यं न विद्यते ?

(ख) न्यायालयं कः प्रविष्टवान् ?

(ग) स्तम्भः कीदृशः आसीत् ?

(घ) कस्य आश्रयः सर्वा कष्टकरः ?

(ङ) कक्षा प्रमुखा का अस्ति ?

(च) सागरान्तां गां के हरिष्यन्ति ?

(छ) अयं लोकः कीदृशः अस्ति ?

(ज) केषां पर्वतानां विस्फोटैरपि भूकंम्पो जायते ?

15. निम्नांकित शब्द सूचीतः शब्दान् चित्वा चत्वारि वाक्यानि उत्तर पुस्तिकायां लिखतः– 1x4=4

(निम्नलिखित शब्दों में से चार शब्दों का संस्कृत में वाक्य प्रयोग कीजिए)

शब्द सूची– विद्यालयः, ददाति, गमिष्यति, अत्र, परितः, सत्यं, ग्रामम्, अहम्, कुत्र, अद्य

16. (क) समास विग्रहं कृत्वा समासस्य नामोल्लेखं च कुरूतः– 1

(समास विग्रह कर समास का नाम भी लिखिए)

राजपुरूषः अथवा प्रतिदिनम

(ख) कारकस्य निर्देशनं कुरूत। (कारक का निर्देशन कीजिए) 1

वृक्षात् अथवा पादेन

(ग) 'पुस्तक' अथवा 'कवि' शब्दस्य द्वितीया विभक्तेः बहुवचनस्य रूपं लिखित। 1

('पुस्तक' अथवा 'कवि' शब्द के द्वितीया विभक्ति के बहुबचन के रूप लिखिए)

(घ) 'गम्' अथवा 'भू' धातोः लृट्लकारस्य उत्तमपुरूषस्य बहुवचनस्य रूपं लिखत्। 1

('गम्' अथवा 'भू' धातु के भविष्यतकाल उत्तम पुरूष बहुवचन का रूप लिखिए)

(ङ) (i) संधि कुरूत (संधि कीजिए)– 1

वार्षिक+उत्सवः अथवा कः+अपि

(ii) संधि–विच्छेदं कुरूतः। (संधि–विच्छेद कीजिए)–

राज्यार्ध अथवा अन्याश्रयः

अथवा

अस्मिन प्रश्न पत्रे आगतं श्लोकं वर्जयन् कमपि अन्यं कंठस्थं श्लोकं लिखित्वा हिन्दी भाषायाम् तस्य अनुवादं कुरूत।

(कोई एक कंठस्थ श्लोक, जो इस प्रश्न–पत्र में न आया हो, लिखिए और हिन्दी में उसका अनुवाद कीजिए)